## महत्वपूर्ण एवं खास

### आपसी विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई को जिंदा जलाया

**न्याय साक्षी /रायगढ़।** जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर भुपदेवपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम लगभग साढ़े सात बजे दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई। यहां ग्राम देवरी के रहने वाले दो भाइयों के बीच आपसी विवाद इस कदर बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे भाई पर मिट्टी तेल डालकर जला दिया। बुरी तरह से जल चुके प्रमोद उरांव को आनन-फानन में रायगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है, जिसकी हालत चिंताजनक है। वही आरोपित भाई को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार देवरी देवरी गांव में रहने वाला रोशन उरांव और प्रमोद उरांव के बीच 3 माह से शराब के नशे में मोबाइल तोड़ने को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा रहा। इस विवाद में बड़े भाई रोशन उरांव पिता मनीराम उरांव उम्र 24 वर्ष ने प्रमोद का मोबाइल तक तोड़ दिया था।

### पुसौर विकासखण्ड के 25 गांवों में स्ट्रीट लाईट हेतु डीएमएफ से 50 लाख स्वीकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक के द्वारा जिला रायगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड पुसौर के 25 गांवों में स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु 50 लाख रुपए का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष यशवंत कुमार के द्वारा नियमानुसार 50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। बाघाडोला, जकेला, छोटे हल्दी, झलमला, दर्रामुड़ा, बिंजकोट, केशला, एकताल, कोसमंदा, मिड़मिड़ा, मल्दा, ओड़केरा, तेतला, तड़ोला, टिनमिनी, त्रिभौना, घुघुवा, महलोई, घूटकूपाली, परसापाली, पडिग़ांव, देवलसुर्रा, छांच, भाठनपाली, सुकुलभठली उक्त 25 गांवों में प्रति गांव में 2 लाख रुपए खर्च कर स्ट्रीट लाईट लगाए जायेंगे। कार्य एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होंगे तथा भुगतान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुसौर के माध्यम से होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे सृजन सभाकक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

### एकलव्य विद्यालय के पदों के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

» 17 अक्टूबर 2019 शाम 5 बजे तक दावा-आपत्ति कर सकते है प्रस्तुत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार विकासखण्ड खरसिया एवं नवीन संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी विकासखण्ड धरमजयगढ़ में अतिथि शिक्षक (पीजीटी/टीजीटी) के रूप में शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए मानदेय पर 9 सितम्बर 2019 को विज्ञापन जारी कर इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत चयन समिति के अनुमोदन से पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है, जिसके आधार पर दावा-आपत्ति 17 अक्टूबर 2019 शाम 5 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। पात्र एवं अपात्र की सूची कार्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाईट www.raigarh.gov.in में देखा जा सकता है।

### केआईटी कालेज के वित्तीय संकट को दूर करने के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की पहल

» डीएमएफ मद से डेढ़ करोड़ रुपए स्वीकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की पहल पर संचालक तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेषित पत्र के आधार पर किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, रायगढ़ के वित्तीय संकट के कारण 6 माह के लिए संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन एवं शिक्षण कार्य हेतु खनिज संस्थान न्यास निधि से राशि स्वीकृत करने हेतु लेख किया गया था, जिसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष यशवंत कुमार द्वारा किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, रायगढ़ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा शिक्षण कार्य हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास नियम के तहत 25 लाख रुपए प्रतिमाह की दर से आगामी 6 माह के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए कार्य एजेंसी प्राचार्य किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी गढ़उमरिया रायगढ़ को बनाया गया है।

### राष्ट्रीय पेंशन योजना के लिए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में आज सृजन सभाकक्ष में राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए)द्वारा अधिकृत ट्रेनर मो.शाहिद हुसैन ने राष्ट्रीय पेंशन योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने योजना के लाभ, टैक्स छूट, राशि आहरण, एनयूटी क्रय के विविध पहलुओं के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही योजना में आहरण संवितरण अधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। ट्रेनर द्वारा योजना की संरचना एवं विभिन्न नियमों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में अवगत कराया गया।

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया सघन दौरा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज रायगढ़ जिले के तीन विकास खण्ड पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़ के 18 ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया और प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत 2019-20 में दिए गए लक्ष्य के तहत नए आवास निर्माण को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान आरईएस के एसडीओ कोलाम के उपस्थित





नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर तकनीक सहायक, सब इंजीनियर, गाम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने पुसौर विकास खंड के ग्राम कोड़ातराई, झारमुड़ा, तडोला, ओड़ेकेरा, मचिदा, पडिग़ांव, बरमकेला विकास खण्ड के कान्दुरपाली, बरपाली, जामपाली, बार, संडा, चांटीपाली और सारंगढ़ विकास खंड के ग्राम मल्दा ब, बंधापाली, माधोपाली, दानसरा, कोतरी, रेड़ा, हरदी, हिर्री, गोडम का निरीक्षण किया।

## लोहे के धारधार कत्ता से लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**न्याय साक्षी /रायगढ़।** जुटमिल टाऊन पेट्रोलिंग द्वारा दोपहर करीब 12:30 बजे चमड़ा गोदाम के पास लक्ष्छी उर्फ छोटू सारथी नाम के व्यक्ति को लोहे का धारदार कत्ता से आम गली में लोगों को



डराते धमकाते मिला। आरोपी लछीराम सारथी पिता मस्तुराम सारथी उम्र 24 वर्ष निवाससी वार्ड नं0 38 चमडा गोदाम चौकी जुटमिल रायगढ़ के कब्जे से एक धारदार लोहे का कत्ता जप्त कर थाना कोतवाली (चौकी जुटमिल) में आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्यवाही की गई है।

## नवरात्रि के अवसर पर 5 दिवसीय विधिक शिविर आयोजित

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा 16 नवंबर और 14 दिसम्बर को होने वाले लोक अदालतों के बारे में दी गई जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद के निर्देशानुसार नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विधिक विषयों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा पांच दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन थाना पूंजीपथरा क्षेत्रान्तर्गत बंजारी मंदिर परिसर में 4 से 8 अक्टूबर तक स्टॉल लगाकर, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विधिक विषयों के बारे में आम जन को जानकारी दी गई।

इसके तहत आने-जाने वाले




आमजन को चेक बाउंस एवं पारिवारिक विवादो का राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु आयोजित होने वाली वृहद लोक अदालत 16 नवंबर 2019 एवं सभी विषयों पर आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत 14 दिसम्बर 2019 के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए पाम्पलेट्स एवं विधिक प्रावधानों से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया। जिसमें संबंधित क्षेत्र के पैरालीगल वालिंटियर्स गजेन्द्र तिवारी, गुझेस झरिया, सुरज शर्मा, रामअवतार, अनुराधा बरेठ, श्रीमती मुक्ता यादव, कमलेश पटेल, संतोष चौहान, श्रीमती अंजु बंजारे एवं श्रीमती मौसमी शर्मा द्वारा अपनी सेवाएं दी गई।

## 19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 12 से 15 अक्टूबर तक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** 19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 12 से 15 अक्टूबर तक रायगढ़ में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 खेल क्षेत्र मुख्यालय में लगभग 1450 खिलाड़ी और 150 आफिशियल्स सम्मिलित होंगे।

19 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत रायगढ़ स्टेडियम में क्रिकेट बालक 17 वर्ष, योगा बालक/बालिका 14, 17 एवं 19 वर्ष तथा टेनिक्कॉईट बालक/बालिका 14, 17 एवं 19 वर्ष के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसी तरह किरोड़ीमल शासकीय विज्ञान वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में क्रिकेट बालक 17 वर्ष, मिनी स्टेडियम में क्रिकेट बालिका 17 वर्ष एवं मेडिकल कालेज से एकताल मार्ग में सायकिलिंग 17, 19 बालक/बालिका शामिल होंगे।

खिलाड़ी छात्र-छात्राओं की आवास व्यवस्था रायगढ़ के विभिन्न स्कूलों एवं धर्मशालाओं में की गई है। जिनमें सरगुजा एवं कोरिया जिले के बालकों के लिए महर्षि विद्या मंदिर एवं बालिका के लिए सेंट जेवियर, रायपुर एवं राजनांदगांव जिले के बालकों के लिए मुक्ति प्रकाश एवं बालिका के लिए सेंट जेवियर, जांजगीर-चांपा जिले के बालकों के लिए तिलक स्कूल एवं बालिका के लिए सिंधु भवन, कबीरधाम जिले के बालकों के लिए शास.उ.मा.वि.चक्रधर नगर एवं बालिका के लिए सिंधु भवन, दुर्ग जिले के बालकों के लिए हरियाणा भवन एवं बालिका के लिए अग्रोहा भवन, बस्तर जिले के बालकों के लिए देवांगन धर्मशाला एवं बालिका के लिए अग्रोहा भवन, कांकेर एवं कोण्डागांव जिले के बालकों के लिए मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला एवं बालिका के लिए अग्रोहा भवन, बिलासपुर जिले के बालकों के लिए मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला एवं बालिका के लिए आदर्श बाल मंदिर तथा जशपुर जिले के बालकों के लिए अभियंता भवन एवं बालिका के लिए स.शि.मंदिर लोचन नगर में आवास व्यवस्था की गई है।

## पूंजीपथरा से गुम हुई महिला को हिमांचल से वापस लायी पूजीपथरा पुलिस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम पानीखेत थाना पूंजीपथरा में रहने वाली पुन्नीमति पटेल पति बोधराम पटेल उम्र 59 साल जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं होने से कही चली गई थी, परिवारवालों के द्वारा दिनांक 13/09/2018 को थाना पूंजीपथरा में गुम इंसान दर्ज कराया गया था, जिसकी पतासाजी की जा रही थी कि दिनांक 30.09.19 को हिमांचल प्रदेश पुलिस (महिला थाना सोलन) के द्वारा थाना पूंजीपथरा से संपर्क कर एक महिला के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया जिससे उक्त महिला थाना पूंजीपथरा की श्रीमती पुन्नीमति पटेल निवासी पानीखेत की होने




की जानकारी का पता चला जिस पर थाना पूंजीपथरा स्टॉफ हिमांचल प्रदेश (सोलन) जाकर दिनांक 06/10/19 को बरामद कर दस्तयाब किये। पुलिस पार्टी आज दिनांक 10/10/19 को रायगढ़ पहुंची और गुम महिला को उसके परिवार के सुपुर्द किया गया।

## मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजनान्तर्गत ग्रामवासी हो रहे लाभान्वित

» ग्रामीणजनों के लिए स्थानीय हाट-बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत लोईंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा हाट-बाजार में ग्रामवासियों के लिए मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया और हाट बाजार करने आने वाले ग्रामीणों का शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया। इसी तरह धनागार, कुशवाबहरी, तिलगा, भगोरा, उर्दना सम्बलपुरी, किरोड़ीमल नगर और जामगांव में भी स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।



## नेत्र विकार व उपायों को बताकर मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

» दृष्टि है तो सृष्टि है- कलेक्टर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के उद्बोधन- %%दृष्टि है तो सृष्टि है' के थीम पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के मार्गदर्शन मे रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इसी क्रम में 10 अक्टूबर 2019 को शासकीय विज्ञान एवं कला महाविद्यालय तमनार में डॉ. टी. के. टोण्डर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी, श्रीमती मंजूलता कुजूर विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक (एन.एच.एम.) की उपस्थिति में अर्जुन बेहरा एवं चन्द्रशेखर साहू द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को



एम्बलायोपिया, डायबेटिक रेटिनोपेथी से होने वाले नेत्र विकारों के बारे में जानकारी देते हुए कैसे समय-समय पर नेत्र जाँच कराकर उनसे बचा जा सकता है, एवं नेत्र सुरक्षा उपायों के बारे मे जानकारी दी गई।

इसके तहत विशेषज्ञों ने कहा कि प्रत्येक छः माह में अपने आंखो की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ से अवश्य करावें। रतौंधी से बचने के लिये हरे पत्तेदार सब्जी- गाजर, कद्दू, मुनगा, दूध, अण्डा, मछली आदि आहार के साथ लेवें। मोतियाबिंद ऑपरेशन पश्चात् बचाव हेतु धुल एवं धुंआ से बचें एवं नियमित चश्में का उपयोग करें। ग्लूकोमा से बचने के लिये चालीस वर्ष उम्र के बाद व्यक्ति को अपने आंखो की जांच नेत्र विशेषज्ञ से कराना चाहिए। ड्राई आई सिन्ड्रोम से बचने के लिये लगातार अधिक देर तक लिखने-पढने् व कम्प्यूटर पर काम ना करें। मधुमेह रोगी को छः माह में अपने आंख के परदे की जांच नेत्र विशेषज्ञ से अवश्य करावें। आंखो का जलने/झुलसने या अम्ल क्षार गिर जाने पर आंखो को तुरन्त शीतल जल से धो लें। आंखो को नुकीली चीज, गिल्ली-डण्डा की चोट से बचावें। लेटकर एवं कम रोशनी में ना पढें। आंखो को स्वस्थ रखने के लिये प्रतिदिन सुबह घास पर खाली पांव चलें।

उन्होंने लोगों से नेत्र दान करने की अपील भी की, जिससे कि जरूरतमंद लोगों का कॉर्निया प्रत्यारोपण करके प्रकृति को देखने का अनमोल तोहफा दिया जा सके। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के मध्य प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया जिसमें कु. मंदाकिनी सिदार एवं कु. दीपा पटेल को डॉ. टी. के. टोण्डर जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. पी.एस. दास एवं वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी शिवलाल साहू द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आभार व्यक्त किया गया।





## चलित चिकित्सा इकाई टीम के द्वारा वार्ड नं. 36 में लगाया गया शिविर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के दिशा-निर्देश में आज वार्ड नं 36 ईरानी मोहल्ला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। साथ ही 110 मरीजों का निःशुल्क जांच और उपचार जिले के चलित चिकित्सा इकाई टीम के द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ.राकेश वर्मा, डॉ. सरयू मिरी फार्मासिस्ट, अरुण यादव, ढोलनारायण डनसेना और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480